Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार, 28 अप्रैल 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 209

## महत्वपूर्ण एवं खास

### शादी की खुशियां मातम में बदली, 20 फीट गहरे खाई में गिरी कार, मां-बाप और बेटी की मौत

**धनबाद (आरएनएस)।** धनबाद जिले के टुंडी इलाके में मंगलवार दोपहर गिरिडीह से अपने भाई की शादी में शामिल होने झरिया आ रही एक महिला की कार खाई में गिर गयी जिससे उसमें सवार महिला, उसके पति और बेटी की मौत हो गयी. पुलिस ने इसकी जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि यह हादसा टुंडी थाना क्षेत्र के गादी टुंडी के पास हुआ. उन्होंने बताया कि महिला की कार अनियंत्रित होकर पुलिया से करीब 20 फीट नीचे जा गिरी. शादी समारोह में शामिल होने की खुशी मातम में बदल गया. एक तरफ डोली उठी तो एक तरफ अर्थी. मौत की ख़बर मिलते ही पूरा क्षेत्र गमगीन हो गया. उन्होंने बताया कि हादसे में कार सवार बच्ची समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी. जबकि महिला को गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. उन्होंने बताया कि मरने वालों की पहचान 52 वर्षीय सरयू चौरसिया, 5 वर्षीय दीप्ति कुमारी और उसकी मां पायल चौरसिया के रूप में हुई है. वहीं ड्राइवर ऐनुल अंसारी समेत एक अन्य बच्ची रिया कुमारी की स्थिति नाज़ुक बताई जा रही है और वह अस्पताल में भर्ती हैं.

### दमोह में सडक़ हादसे में हुई युवक की मौत

**दमोह (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले में सडक़ दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि हटा थाना क्षेत्र के ग्राम घुरखेड़ा निवासी नन्नू पटेल किसी काम से वह मोटरसाइकिल द्वारा हिनौता गया जा रहा था। तभी पन्ना मार्ग पर ग्राम सकोर के समीप सामने से आ रहा एक ट्रेक्टर से टक्कर मार दी और वह गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### प्रयागराज में दो युवकों की गोली मारकर हत्या

**प्रयागराज (आरएनएस)।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के मीरापट्टी मोहल्ले में बुधवार दोपहर दो युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूचना पर पुलिस विभाग के अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू कर दी है। धूमनगंज के मीरा पट्टी निवासी दीपक के घर कसारी मसारी के रहने वाले यासिर (45) और लखनपुर निवासी सुल्तान (35) मिलने के लिए बुधवार दोपहर पहुंचे। इसी बीच किसी बात को लेकर वहां विवाद हो गया। विवाद के दौरान गोली चलने लगी। फायरिंग में गोली लगने से यासिर और सुल्तान घायल हो गए। फायरिंग की सूचना मिलते ही धूमनगंज थाना प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक नगर दिनेश कुमार सिंह कई थानों की पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। खबर है कि पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही गोली से घायल दोनों युवकों की मौत हो चुकी थी। दो युवकों की हत्या की खबर मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार पाण्डेय समेत पुलिस विभाग के आला अधिकारी पहुंचे। पुलिस दोनों युवकों के शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला पुरानी रंजिश का लग रहा है। पुलिस अधीक्षक नगर दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि दो पक्षों में गोली चलने की सूचना पर मौके पर पहुंचे तो दोनों युवकों की मौत हो चुकी है। जांच जारी है और परिवार से तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### टायर में हवा भरने वाली मशीन में भयंकर विस्फोट, 35 फीट हवा में उछला शख्स, टुकडों में बंटा शरीर

**गिरिडीह (आरएनएस)।** गिरिडीह में बुधवार को गाडिय़ों के टायर में हवा भरने वाली मशीन में हुए ब्लास्ट से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। ब्लास्ट इतना जोरदार था कि व्यक्ति लगभग 35 फीट हवा में उछल गया। माना जा रहा है कि यह विस्फोट भीषण गर्मी के चलते हुआ। बताया गया कि बगोदर प्रखंड के घाघरा गांव में गाडिय़ों के पंक्चर बनाने वाले मोहित महतो ने एक टायर में हवा भरने के बाद एयर टैंक को जैसे ही बंद किया, उसमें विस्फोट हो गया। धमाका इतना जोरदार था कि इसकी आवाज लगभग आधे किमी दूर तक सुनी गई। एयर टैंक कई टुकड़ों में बंट गया और मैकेनिक मोहित हवा में ऊंचाई तक उड़ गया। 43 वर्षीय मोहित घाघरा गांव का रहनेवाला था। घटना के बाद वहां भगदड़ जैसी स्थिति बन गयी। थोड़ी देर बाद बगोदर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## रुड़की में धर्म संसद पर लगी रोक, तैयारी में लगे दिनेशानंद भारती और 6 समर्थक गिरफ्तार

### जिले में धारा 144 लागू



**रुडक़ी (आरएनएस)।** उत्तराखंड के हरिद्वार में होने वाली धर्म संसद पर सरकार ने रोक लगा दी है। इसके साथ ही पूरे इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है। यह धर्म संसद हरिद्वार जिले के रुडक़ी के जलालपुर में 27 अप्रैल को होनी थी। 27 अप्रैल को होने वाली इस धर्म संसद पर आज ही सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार को फटकार लगाई थी।

दरअसल गांव डाडा जलालपुर में हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा के दौरान बवाल और आगजनी की घटना हुई थी। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर काली सेना के संस्थापक और शांभवी पीठाधीश्वर स्वामी आनंद स्वरूप ने आज डाडा जलालपुर में हिंदू महापंचायत करने का आह्वान किया था।

इससे पहले ही मंगलवार को एसडीएम भगवानपुर ब्रजेश कुमार तिवारी ने डाडा जलालपुर गांव के पांच किलोमीटर क्षेत्र जिसमें डाडा पट्टी, हसनपुर, मदनपुर, लतीफपुर, खुब्बनपुर, बहवलपुर, हंसोवाला, मानक मजरा, अकबरपुर, कालसो, खेड़ली, खेड़ी शिकोहपुर, सिकरोढ़ा, हल्लूमजरा आदि में धारा 144 लागू कर दी है। इसके साथ ही पुलिस ने सख्ती भी बरतनी शुरू कर दी है। पुलिस ने काली सेना के प्रदेश संयोजक स्वामी दिनेशानंद भारती और उनके 6 समर्थकों को मंगलवार देर रात गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी डॉ. योंगेंद्र सिंह रावत ने बताया कि पूरे मामले पर पूरी नजर रखी जा रही है।

आयोजन स्थल पर नजर रखने के लिए पुलिस ने पांच डिप्टी एसपी, 65 एसआई, 150 कांस्टेबल, 30 महिला कांस्टेबल, छह कंपनी पीएसी की तैनाती की है। ड्रोन से भी पुलिस पूरे क्षेत्र पर नजर रख रही है। इसी के ही साथ डाडा जलालपुर, हसनपुर मदनपुर, डाडा पटटी, खूब्बनपुर लतीफपुर, बहबलपुर, मानक माजरा, अकबरपुर कालसो, खेड़ी शिकोहपुर, सिकरौढ़ा, हालूमाजरा में धारा 144 लागू की गई है। वहीं, कोई व्यक्ति अगर धारा 144 का उलंघन करते पकड़ा गया तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

काली सेना के संस्थापक और शांभवी पीठाधीश्वर स्वामी आनंद स्वरूप ने कहा कि काली सेना के आह्वान पर डाडा जलालपुर में हिंदू महापंचायत आयोजित हो रही है। लेकिन प्रशासन धारा 144 लगाकर मामले को तूल और विवाद को जन्म दे रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का जिक्र करते हुए स्वामी आनंद स्वरूप ने कहा कि डाडा जलालपुर में धर्म संसद नहीं बल्कि महापंचायत हो रही है।

मंदिर में उत्सव के दौरान हुआ बड़ा हादसा...

## बिजली की तार की चपेट में आया रथ जुलूस, 2 बच्चों समेत 11 की मौत




**तंजावुर (आरएनएस)।** तमिलनाडु के तंजावुर से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जिले के एक मंदिर में आज सुबह रथ जुलूस के दौरान करंट लगने से 11 लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि यह घटना उस समय हुई जब लोग जिस मंदिर की पालकी पर खड़े थे, वह कालीमेडु के अप्पर मंदिर में एक हाई-ट्रांसमिशन लाइन के संपर्क में आ गई।

तंजावुर पुलिस के मुताबिक, घटना कालिमेदू में अप्पार मंदिर में हुई। मंदिर से रथयात्रा निकलने के बाद जब इसके मुडऩे की बारी आई तो ऊपर बिछे तारों के जाल की वजह से रथ को आगे नहीं ले जाया जा सका। हालांकि, जैसे ही रथ को पीछे किया गया, उसका संपर्क हाई-टेंशन लाइन से हो गया और और करंट पूरे रथ पर फैल गया। घटना में कुछ बच्चों की भी जान जाने की बात सामने आई है।

बताया गया है कि घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए और उन्हें तंजावुर के ही मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। हादसे की जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें रथ को पूरी तरह से जलते देखा जा सकता है।

## केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने लिथुआनिया में भारतीय मिशन खोलने की मंजूरी दी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2022 में लिथुआनिया में एक नए भारतीय मिशन को खोलने की मंजूरी दी है।



लिथुआनिया में भारतीय मिशन के खुलने से भारत की राजनयिक उपस्थिति का विस्तार करने; राजनीतिक संबंधों और रणनीतिक सहयोग को मज़बूत करने; द्विपक्षीय व्यापार, निवेश व आर्थिक संपर्क में वृद्धि को सक्षम करने; लोगों के बीच परस्पर संपर्क को और मज़बूत करने के लिए सुविधा प्रदान करने; बहुपक्षीय मंचों पर राजनीतिक आउटरीच को अधिक निरंतरता प्रदान करने की अनुमति देने तथा भारतीय विदेश नीति के उद्देश्यों के लिए समर्थन जुटाने में मदद मिलेगी। लिथुआनिया में भारतीय मिशन भारतीय समुदाय की बेहतर सहायता करेगा और उनके हितों की रक्षा करेगा।

लिथुआनिया में एक नया भारतीय मिशन खोलने का निर्णय, विकास की हमारी राष्ट्रीय प्राथमिकता व सबका साथ सबका विकास की दिशा में एक अग्रगामी कदम है। भारत की राजनयिक उपस्थिति को बढ़ाने, अन्य बातों के साथ-साथ, भारतीय कंपनियों के लिए बाजार तक पहुंच प्रदान करेगी और वस्तुओं व सेवाओं के भारतीय निर्यात को बढ़ावा देगी। आत्मनिर्भर भारत के हमारे लक्ष्य के अनुरूप घरेलू उत्पादन और रोजगार को बढ़ाने में इसका सीधा प्रभाव पड़ेगा।

## राबड़ी देवी के आवास पर शिफ्ट हुए तेज प्रताप यादव

**पटना (आरएनएस)।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव अपने आधिकारिक स्टैंड रोड बंगले से राबड़ी देवी के 10 सर्कुलर रोड आवास में शिफ्ट हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार, बीती रात उन्होंने शिफ्ट किया, क्योंकि वह तेज प्रताप, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव के करीब रहना चाहते हैं, ताकि पार्टी के भीतर वह राजनीतिक विरोधियों की पहचान कर सकें। तेज प्रताप यादव पर 22 अप्रैल को दावत-ए-इफ्तार पार्टी के दौरान राजद के युवा विंग के अध्यक्ष रामराज यादव के साथ मारपीट करने का आरोप है। रामराज यादव ने तेज प्रताप यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की धमकी दी है। दूसरी ओर, तेज प्रताप यादव




ने दावा किया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, एमएलसी सुनील कुमार सिंह और तेजस्वी यादव के राजनीतिक सलाहकार संजय सिंह उनके खिलाफ साजिश कर रहे हैं। युवा नेता की पिटाई का आरोप उनकी साजिश का ही एक हिस्सा है।

फिलहाल संजय सिंह राबड़ी देवी के घर में रह रहे हैं। जगदानंद सिंह और सुनील सिंह भी नियमित रूप से 10 सकरुलर रोड पर जाते हैं। तेज प्रताप यादव के वहां जाने से संजय सिंह, जगदानंद सिंह और सुनील सिंह के साथ टकराव की संभावना बनी हुई है।

इसके अलावा, अगर रामराज यादव उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हैं, तो पटना पुलिस के लिए तेज प्रताप यादव को पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास से गिरफ्तार करना मुश्किल होगा। क्योंकि वर्तमान में राबड़ी देवी बिहार विधान परिषद में विपक्ष की नेता हैं और तेजस्वी यादव बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं। दोनों ही संवैधानिक पद पर हैं। रामराज यादव ने कहा, हम तेज प्रताप यादव के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए राजद शीर्ष नेतृत्व की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यदि वे एक या दो दिन में कार्रवाई नहीं करते हैं, तो मैं उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने पुलिस के पास जाऊंगा। मैं एक यादव का बेटा हूं और मैं इज्जत से कभी समझौता नहीं करूंगा।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत नहीं घटाने वाले राज्यों को पीएम मोदी ने दिखाया आईना

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कोरोना महामारी को लेकर राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर कई राज्यों को सुनाते हुए कहा कि राज्यों ने पेट्रोल-डीजल पर वैट नहीं घटाकर अपने नागरिकों को लाभ नहीं दिया और राजस्व कमाया है। पीएम मोदी ने कहा कि वैश्विक संकट में केंद्र और राज्यों को मिलकर आगे बढऩे की जरूरत है। पीएम ने राज्यों को नसीहत देते हुए कहा कि वैश्विक परिस्थितियों के बीच केंद्र सरकार ने पिछले साल



नवंबर में ही पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी घटा दी थी। लेकिन कई राज्यों ने ऐसा नहीं किया है। उन्होंने राज्यों से आग्रह किया कि वैश्विक चुनौती की इस घड़ी में केंद्र और राज्यों को साथ मिलकर चलने की जरूरत है। पीएम मोदी की यह बैठक वैसे तो कोरोना वायरस पर थी, लेकिन यहां बढ़ते तेल के दाम का भी जिक्र आया। मुख्यमंत्रियों संग बातचीत में मोदी ने कहा कि जो युद्ध की परिस्थिति पैदा हुई है, जिससे सप्लाई चैन प्रभावित हुई है, ऐसे माहौल में दिनोंदिन चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। ये वैश्विक संकट अनेक चुनौतियां लेकर आ रहा है, ऐसे में केंद्र और राज्य के बीच तालमेल को और बढ़ाना अनिवार्य हो गया है। पीएम मोदी ने कहा, हमारे देश में लंबे समय के बाद स्कूल खुले हैं, ऐसे में कोरोना केस के बढऩे से कहीं न कहीं अभिभावकों की चिंता बढ़ रही है। बच्चों के संक्रमित होने की खबरें सामने आ रही है, लेकिन संतोष की बात है कि बच्चों को वैक्सीन का कवच मिल रहा है। कल ही छह से 12 साल तक के बच्चों के लिए कोरोना टीकाकरण की अनुमति मिल गई है। पहले की तरह स्कूल में विशेष अभियान चलाने की जरूरत होगी।

## पोती के जन्म से इतना खुश हुआ पुणे का किसान, हेलीकॉप्टर से ले गया घर

**पुणे (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के पुणे में एक किसान अपनी पोती के जन्म से इतना खुश हुआ कि उसने उसे घर ले जाने के लिए हेलीकॉप्टर बुक कर डाला। पोती का जन्म होने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए किसान ने मंगलवार को नवजात का हेलीकॉप्टर से घर ले जाकर भव्य स्वागत किया। पुणे के बालेवाड़ी इलाके के निवासी अजित पांडुरंग बलवडकर ने कहा कि वह अपनी पोती का भव्य स्वागत करना चाहता था। घरवालों ने नवजात बच्चा का नाम कृषिका रखा है।



बलवडकर ने कहा कि जब नवजात को उसकी मां के साथ ननिहाल से घर लाने का समय आया तो उसने इसके लिए एक हेलीकॉप्टर बुक कर दिया। बालेवाड़ी के किसान अजीत पांडुरंग बलवाडकर ने पुणे के शेवालवाड़ी स्थित बहू के मायके से अपनी नवजात पोती और बहू को अपने घर बालेवाड़ी लाने के लिए एक हेलीकॉप्टर किराए पर लिया।

## अविवादित नामांतरण और बंटवारों के प्रकरणों का करें शीघ्र निराकरण : भूपेश बघेल

- मुख्यमंत्री ने की राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा
- सीमांकन संबंधित प्रकरणों का 31 मई तक करें निपटारा
- भू-अभिलेखों के दुरुस्तीकरण संबंधित प्रकरणों के लिए चलाया जाए विशेष अभियान

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान अविवादित नामांतरण एवं बंटवारे के लंबित राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जमीन के सीमांकन संबंधित प्रकरणों का 31 मई तक निपटारा करें, साथ ही भू-अभिलेखों के दुरूस्तीकरण संबंधित प्रकरणों का विशेष रूप से अभियान चला कर दो माह में निराकृत करें। इसमें नक्शा बटांकन, अभिलेख दुरूस्तीकरण जैसे लंबित प्रकरण शामिल हैं। उन्होंने पटवारियों की मुख्यालय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने और तहसीलों में रिक्त पदों की भर्ती जल्द करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, राजस्व सचिव एन.एन. एक्का, संचालक भू-अभिलेख धर्मेश साहू, मुख्यमंत्री की उपसचिव सु सौम्या चौरसिया, संचालक



जनसम्पर्क सौमिल रंजन चौबे उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण तथा राजस्व विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना देश में अपने आप में एक अनूठी योजना है, जिसमें भूमिहीन श्रमिकों को सलाना 7000 रूपए की सहायता प्रदान की जा रही है। जिन हितग्राहियों को राशि दी जा रही है उन्हें राशि मिलने से पूर्व ग्राम पंचायत स्तर पर सूचना दी जाए तथा हर किस्त के भुगतान के समय लिखित सूचना दी जाए। मुख्यमंत्री ने अविवादित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, व्यपर्वतन के प्रकरणों के समय सीमा में निराकरण हेतु कलेक्टरों को पत्र लिखने के निर्देश राजस्व सचिव को दिए। मुख्यमंत्री ने नजूल और स्लम पट्टों में हितग्राहियों को भू-स्वामी अधिकार प्रदान करने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में भी कलेक्टरों को पत्र भेजा जाए।

बैठक में जानकारी दी गई कि कमिश्नर ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर ग्रामीणों से सीधे मुलाकात कर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति के संबंध में जानकारी ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए कमिश्नरों द्वारा की गई इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि 7500 वर्गफुट तक की भूमि के आबंटन, व्यवस्थापन, फ्रीहोल्ड करने तथा भू-भाटक प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा कमिश्नरों द्वारा जिला प्रवास के दौरान की जाए और इसका प्रतिवेदन राज्य शासन के भेजा जाए। इसी तरह उन्होंने ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में आबादी पट्टों के वितरण की जानकारी अद्यतन करने और कलेक्टरों से जिले में नारंगी भूमि की अद्यतन जानकारी मंगाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि तहसील कार्यालयों में मूलभूत सुविधा मुहैया कराएं और कर्मचारियों, हितग्राहियों की बैठने की अच्छी व्यवस्था करें। वृक्ष कटाई के प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भू-स्वामियों की जमीन पर स्थित वृक्ष कटाई के नियमों का सरलीकरण किया गया है। जिसके अनुसार स्वयं की भूमि पर रोपित किए गए वृक्षों की कटाई के लिए भू-स्वामी को निर्धारित प्रपत्र में एसडीएम को सूचना देनी होगी। यदि वृक्ष प्राकृतिक रूप से उगे हैं तो ऐसे वृक्ष की कटाई के लिए भू-स्वामी को एसडीएम से लिखित अनुमति प्राप्त करनी होगी। अनुमति देने के लिए समय सीमा का निर्धारण भी कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने नियमों में किए गए इन संशोधनों का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए ताकि जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके।